रजिस्ट्री सं० डी-222

REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 35] नई दिल्ली, शनिवार, अगस्त 30, 1969 (भाद्र 8, 1891)

No. 35] NEW DELHI, SATURDAY, AUGUST 30, 1969 (BHADRA 8, 1891)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

नोटिस

(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 29 जुलाई 1969 तक प्रकाशित किये गये हैं :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 29th July 1969 :

अंक संख्या और तिथि (Issue No.) (No. and Date)	द्वारा जारी किया गया (Issued by)	विषय (Subject)
3. Bi, 14/7/69-Pub. I dt. 29-7-69	Min. of Home Affairs.	Vacating of Office of Minister in the Council of Ministries of the President by Sh. Morarjiranchhodji Desai.
[सं० 14/7/69-पब्लिक-I दिनांक 29 जुलाई 1969	गृह मंत्रालय	श्री मोरारजी रन छोड़जी देसाई का राष्ट्रपति की मंत्रि परिषद में स्थान रिक्त करना ।
105. No. 114-ITC/(PN)/69, dt. 9-7-69	Min. of Foreign Trade & Supply.	Import Policy for the period April/69—March/70.
No. 115-ITC/(PN)/69, dt. 9-7-69	Do.	Canadian Non-Project Loan of 15·0 Million.
106. No. 1/3/68-Ad.C dt. 9-7-69	Do.	Advisory council on Trade.
सं० 1/3/68-सलाहकार परिषद (एड० सी०) दिनांक 9 जुलाई 1969	विदेशी व्यापार तथा आपूर्ति मंत्रालय	व्यापार सलाहकार परिषद ।
107. No. 116-ITC/(PN)69,	Min. of Foreign Trade & Supply.	Import of tractors by agriculturists as gift.
No. 117-ITC(PN)/69, dt. 10-7-69	Do.	Import Policy for Registered Exporters for the year April 69—March/70 (Amendment No. 20).
No. 118-ITC(PN)/69, dt. 10-7-69	Do.	Import Policy for Regd. Exporters for the year April/69—March/70 (Amendment No. 21).
No. 119-ITC(PN)/69 dt. 10-7-69	Do.	Import Policy for Regd. Exporters for the year April/69—March/69 (Amendment No. 22).
108. No. 120-ITC(PN)/69, dt. 17-7-69	Do.	Import Policy for Regd. Exporters for the year April—69 March/70 (Amendment No. 23).
No. 121-ITC(PN)/69, dt. 17 7-69	Do.	Import of "Dates" (S. No. 21(6)/IV from Iraq during Oct. 1968—Sept. 1969 licensing period on annual basis.
109. No. 97-ITC(PN)/69, dt 19-7-69	Do.	Licensing conditions governing imports under EXIM V Line of credit.
110. No. 31/7/68-LRIV, dt. 19-7-69	Min. of Labour, Employment & Reh.	Appointment of a committee for automation.
सं० 31/7/68-एल०आर० 4 दिनांक 19 जुलाई 1969	श्रम रोजगार और पुर्नवास मंत्रालय	स्वायचालित मशीनों के लगाने के लिये एक समिति की स्थापना ।
111. No. 4(18)-Tex(D)/68 dated 21st July 1969	Ministry of Foreign Trade and Supply	Constitution of a committee to suggest changes necessary to ensure orderly and stable marketing of raw jute.
सं० 1(18)-टैक्स (डी०) दिनांक 21 जुलाई 1969	विदेशी व्यापार तथा आपूर्ति मंत्रालय	कच्चे पटसन का विपणन सुव्यवस्थित तथा बिक्री और ऐसे परिवर्तन के सुझाव के लिये ऐक समिति का गठन करना ।

अंक Issue No.	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया Issued by	विषय Subject
112.	No. 122-ITC(PN)/69 dated 22nd July 1969	Ministry of Foreign Trade and Supply	Import of Dates [S.No. 21(b)/IV] from Saudi Arabia, Muscat and other Persian Gulf Ports excluding Iran and Iraq, during October 1968—September, 1969 on annual basis.
113.	No. 123-ITC(PN)/69 dated 23rd July 1969	Do.	Import policy for Registered Exporters—Acceptance of the date of physical shipment of exports by V.P.P. for claiming replenishment.
114.	No. LEI(A)-16(2)/68 dated 25th July 1969	Ministry of Industrial Development Internal Trade and Company Affairs.	Recommendations of the Tariff Commission on the price Structure of catguts.
	सं० एल० ई० आई० (ए०) 16(2)/68 दिनांक 25 जुलाई, 1969	औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्रालय	प्रशुल्क आयोग ने तांतों के मूल्य ढांचे पर सिफारिशें दी
115.	No. 5(11)-Tex(D)/67 dated 28th July 1969	Ministry of Foreign Trade and Supply	Setting up a Jute Textiles Consultative Council
	स० 5(11)-टैक्स (डी०)/67 दिनांक 28 जुलाई 1969	विदेशी व्यापार तथा आपूर्ति मंत्रालय	एक पटसन वस्त्र सलाहकार परिषद् गठन करना
116.	No. 124-ITC(PN)/69 dated 29th July 1969	Ministry of Foreign Trade and Supply	Import Policy for Registered Exporters for the year April 1969—March 1970 (Amendment No. 24)
	No. 125-ITC(PN)/69 dated 29th July 1969	Do.	Import Policy for Registered Exporters for the year April 1969—March 1970 (Amendment No. 25)

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तारीख से दस दिन के भीतर पहुँच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazette Extraordinary* mentioned above will be supplied on Indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची (CONTENTS)

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . . .	631
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . . .	977
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . . .	57
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . . .	837
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों सम्बन्धी प्रवर समितियों की रिपोर्ट	—
भाग II—खंड 3—उप-खंड (1)—(रक्षा मन्त्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्र के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनम साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	2743
भाग II—खंड 3—उप-खंड (2)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं	3633
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	409
भाग III—खंड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संलग्न तथा अधीन कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	815
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिसें .	307
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं .	91
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं .	501
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें . .	163
पूरक संख्या 34—	
16 अगस्त 1969 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी सम्बन्धी साप्ताहिक रिपोर्ट	1453
26 जुलाई 1969 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म, तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु से सम्बन्धित आंकड़ें .	14

विषय-सूची (CONTENTS)

	Page
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	631
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	977
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	57
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	837
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules, (including orders, bye-laws, etc., of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	2743
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	3633
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	409
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	815
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta..	515
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	91
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	497
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	157
SUPPLEMENT No. 34—	
Weekly Epidemiological Reports for week-ending 16th August 1969	1453
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week-ending 26th July 1969	1463

भाग I खण्ड 1

(PART I—SECTION 1)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court

समाज कल्याण विभाग

नई दिल्ली-1, दिनांक 30 जून 1969

संकल्प

सं० 22/16/69-एम० डब्ल्यू०-5—समाज कल्याण विभाग में सलाहकार, श्री एम० सी० नानावती, को उप सचिव, श्री बी० एस० रामधाम के स्थान पर केन्द्रीय मद्यनिषेध समिति जिसका गठन इस विभाग के दिनांक 17 सितम्बर, 1968 के संख्या 5/2/67-प्रो० सैल (एम० डब्ल्यू०-5) द्वारा किया गया, का सदस्य-सचिव नियुक्त करने का निश्चय किया गया है ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प समिति के सब सदस्यों, योजना आयोग, मंत्री परिषद् सचिवालय, प्रधान मंत्री सचिवालय, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, संसदीय मामलों के विभाग, अखिल भारतीय मद्यनिषेध (नशाबंदी) परिषद और सब राज्य सरकारों/संघ क्षेत्रों के मुख्य सचिवों के पास भेज दिया जाये । यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प आम जानकारी के लिये भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये ।

एन० एच० रामकृष्णन, अवर सचिव

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय

(सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 16 अगस्त 1969

संकल्प

सं० 4-23/69-यू० टी० बी० एण्ड सी०—भारत सरकार, खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय (सहकारिता विभाग) के संकल्प सं० 5-67/66-यू० टी० बी० एण्ड सी० दिनांक 16-11-1966 में सहकारी विकास से सम्बन्धित नीतियों के निर्माण तथा कार्यान्वियन के बारे में भारत सरकार को सलाह देने के लिए 2 वर्षों के कार्यकाल के लिए एक सलाहकार समिति गठित की गई थी । इस कार्यकाल के समाप्त हो जाने पर भारत सरकार ने इस समिति का पुनर्गठन करने का निर्णय किया है, जिसमें निम्न लिखित सदस्य होंगे :—

अध्यक्ष

1. खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय में सहकारिता के प्रभारी राज्य मंत्री ।

सदस्य

2. श्री वी० बंकटापैया, सदस्य,
आयोजना आयोग (कृषि),
आयोजना आयोग, नई दिल्ली ।

3. डा० अशोक मित्रा, अध्यक्ष,
कृषि मूल्य आयोग,
कृषि भवन, नई दिल्ली ।

4. श्री वी० कुरीन, महाप्रबन्धक,
कैरा डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स यूनियन लि० आनन्द, गुजरात ।

5. अध्यक्ष,
भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ,
72, जोरबाग, नई दिल्ली ।

6. अध्यक्ष,
राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लि०,
डी-44, साऊथ एक्सटेंशन पार्ट 2,
नई दिल्ली-49 ।

7. अध्यक्ष,
आल इण्डिया स्टेट कोआपरेटिव बैंक्स फेडरेशन लि०,
गारमेन्ट हाऊस,
दूसरा तल, डा० ऐनी बेसेंट रोड,
वारली नाका, बम्बई-18 ।

8. अध्यक्ष,
आल इण्डिया सेंट्रल लैण्ड डवेलपमेन्ट बैंक्स कोआपरेटिव यूनियन लि०,
गारमेंट हाऊस, दूसरा तल,
डा० ऐनी बेसेंट रोड, वारली नाका,
बम्बई-18 ।

9. अध्यक्ष,
नेशनल फेडरेशन आफ कज्यूमर्स कोआपरेटिवस,
25 रिंग रोड, लाजपत नगर-4,
नई दिल्ली-24 ।

10. अध्यक्ष,
नेशनल फेडरेशन आफ कोआपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज,
34, साऊथ पटेल नगर, नई दिल्ली ।

11. अध्यक्ष,
आल इण्डिया फैडरेशन आफ इंडस्ट्रीयल कोआपरेटिव्स,
ए-26, साऊथ एक्सटेंशन पार्ट-2, नई दिल्ली-49 ।

12. अध्यक्ष,
आल इण्डिया फेडरेशन आफ कोआपरेटिव स्पिनिंग मिल्स लि०, पाचवां तल,
जहांगीर बिल्डिंग 133, महात्मा गांधी रोड,
बम्बई विश्वविद्यालय के सामने,
बम्बई-1 (बी० आर०)

13. अध्यक्ष,
आल इण्डिया हैण्डलूम फैबरिक्स मार्केटिंग कोआपरेटिव सोसायटी लि०,
जन्म भूमि चैम्बर्स,
फोर्ट सेंट, बम्बई ।

14. डा० संकट प्रसाद,
सदस्य, लोक सभा,
132, साऊथ ऐवेन्यू,
नई दिल्ली-11 ।

15. श्री सी० डी० गौतम,
सदस्य, लोक सभा,
103, नार्थ ऐवन्यू, नई दिल्ली ।

16. श्री एस० बी० बोबडे,
सदस्य, राज्य सभा,
22 नार्थ एवेन्यू, नई दिल्ली-1 ।

17. श्री एल० सी० जैन,
महा सचिव,
इण्डियन कोआपरेटिव यूनियन,
ए० आइ० एफ० ए० सी० एस० बिल्डिंग,
रफी मार्ग, नई दिल्ली ।

18. श्री एस० के० डे०,
नं०, 5 लाजपत नगर,
एन० एच० रिंग रोड, विक्रम होटल के समीप, नई दिल्ली ।

19. श्री मथुरा प्रसाद सिंह, अध्यक्ष,
बिहार स्टेट कोआपरेटिव बैंक लि०, पटना-4 ।

20. श्री ए० एस० पाटिल,
अध्यक्ष,
मैसूर स्टेट कोआपरेटिव यूनियन लि०,
32 शान्ति कुटीर,
रेसकोर्स रोड, बंगलौर ।

2. समिति के विचारणीय विषय निम्नलिखत होंगे:—

(1) देश में सहकारी विकास से सम्बन्धित व्यापक नीति विषयक मामलों के बारे में सरकार को सलाह देना;

(2) सहकारी विकास से सम्बन्धित नीतियों के कार्यान्वयन में संघ शीर्ष संस्थाओं की भूमिका पर विचार करना; और

(3) समय-समय पर महत्वपूर्ण सहकारी गतिविधियों की प्रगति तथा समस्याओं का पुनर्विलोकन करना ।

3. समिति की बैठक उतनी बार होगी जितनी बार आवश्यक हो ।

4. समिति का कार्यकाल 2 वर्ष होगा ।

आदेश

आदेश है कि इस संकल्प की प्रति सभी सम्बन्धितों को भेजी जाए । यह भी आदेश है कि इस संकल्प को जन-साधारण की सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

के० राममूर्ति, सचिव

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 4 अगस्त 1969

संकल्प

विषय :—राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् के भावी विकास संबंधी समीक्षा समिति की रिपोर्ट—उसके विषय में आदेश ।

सं० एफ० 1-3/68-एन० सी० ई० आर० टी०—क्योंकि स्कूल शिक्षा अनिवार्य रूप से राज्य विषय है, केन्द्र का इस क्षेत्र में मोटे तौर से संबन्ध (क) विचार तथा सूचनाओं के समाशोधन गृह (clearing house) के रूप में सेवा करना; (ख) अनुसंधान, प्रयोगात्मक तथा मार्गदर्शी परियोजनाओं का आयोजन करना; तथा (ग) साधारणतया नवप्रवर्तन को प्रेरणा प्रदान करना; विशेष रूप से गुणात्मक कार्य-क्रमों की कोटि में सुधार से है । इस दायित्व को ध्यान में रखते हुए, स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे कुछ केन्द्रीय संस्थानों की स्थापना पहले की गई । इनमें केन्द्रीय शिक्षा संस्थान (1947), केन्द्रीय पाठ्य-पुस्तक अनुसंधान ब्यूरो तथा केन्द्रीय शैक्षणिक तथा व्यावसायिक मार्ग दर्शन ब्यूरो (1954), अखिल भारतीय माध्यमिक शिक्षा परिषद् (1955), जो कि बाद में माध्यमिक शिक्षा विस्तार कार्य-क्रम निदेशालय बन गया (1959), राष्ट्रीय बुनियादी शिक्षा संस्थान तथा राष्ट्रीय मौलिक शिक्षा केन्द्र (1956) तथा राष्ट्रीय दृश्य-श्रव्य संस्थान (1959) सम्मिलित हैं, क्योंकि ये छोटी और कुछ अलग थलग सी संस्थाएं उस सुविचारित विशद उद्देश्य को अच्छी तरह से पूरा नहीं कर सकीं इसलिये उन्हें एक साथ मिलाकर एक राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद (1961) का गठन कर दिया गया तथा इसके अधीन 4 क्षेत्रीय शिक्षा कालेज स्थापित कर दिये गये ।

2. राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् के कार्य-क्रमों तथा कार्यकलापों की समीक्षा तथा मूल्यांकन तथा उसके भविष्य के लिये सिफारिश करनेहेतु भारत सरकार ने डा० वी० डी० नागचौधरी (सदस्य विज्ञान) योजना आयोग की अध्यक्षता में एक पुनरीक्षण समिति नियुक्त की । समिति की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है । परिषद के शासी-निकाय द्वारा व्यक्त विचारों को ध्यान में रखते हुये भारत सरकार ने समिति की सिफारिशों की जांच की । समिति की प्रमुख सिफारिशों पर सरकार के निर्णय निम्नलिखित हैं :—

3. परिषद का कार्य

परिषद का मुख्य कार्य शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय को उसकी शिक्षा संबंधी नीतियों तथा प्रमुख कार्यक्रमों को तैयार करने, उनको कार्यान्वित करने तथा इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक अनुसंधान, प्रयोग मार्गदर्शी परियोजनायें, अग्रस्तरीय प्रशिक्षण तथा विस्तार सेवाओं का विकास करना है । इन कार्यों को संतोषजनक ढंग से करने के लिये उसे मंत्रालय, राज्य शिक्षा विभागों तथा विश्वविद्यालयों से निकटतम सम्पर्क बनाना चाहिये । परिषद को मंत्रालय के प्रधान शिक्षा सलाहकार के रूप में कार्य करना चाहिये । उसे मंत्रालय को देश में स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में हुये विकास तथा उभरती हुई विचारधाराओं के सम्बन्ध में अवगत रखना, मंत्रालय द्वारा प्रतिपादित नीति को ध्यान में रखते हुये अपने कार्य-क्रमों को अनुस्थापित करना तथा इस क्षेत्र में समय-समय पर बनाये जाने वाले मंत्रालय के कार्य-क्रमों को कार्यान्वित करना चाहिये । परिषद के निदेशक तथा वरिष्ट अधिकारियों को शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय के सचिव तथा अन्य वरिष्ट अधिकारियों से इस कार्य के लिये प्रभावशाली सम्पर्क रखना चाहिये तथा उनके निकट तथा सतत सहयोग से काम करना चाहिये । परिषद को राज्यों तथा केन्द्र शासित राज्यों के शिक्षा सचिवों, तथा शिक्षा । जन शिक्षा निदेशकों से निकटतम सम्पर्क स्थापित करना चाहिये और राज्य शिक्षा संस्थानों (अथवा राज्य शैक्षणिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद) के स्कूली शिक्षा तथा कर्मचारी विनिमय कार्यक्रम के सुधार अथवा सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रम के जरिए कारगर कार्यकरण संबंध स्थापित करना चाहिए । स्कूली शिक्षा सुधार के काम से सम्बन्धित विश्वविद्यालय विभागों से भी ऐसे ही सम्बन्धों को विकसित किया जाना चाहिए ।

4. परिषद् को पूर्व-प्राथमिक तथा प्राथमिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिये । इस क्षेत्र में उसका (परिषद का) प्रधान कार्य-क्रमों के मूल्यक, नवीन विचारों तथा पद्धति के उत्पादक तथा राज्य सरकारों और अन्य शिक्षण अधिकारियों को सुझाये जाने वाले तथा कार्य के उत्प्रेरक के रूप में होना चाहिये ।

5. राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान

सरकार साधारण तया समीक्षा समिति से इस बात पर सहमत है कि राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विभागों का और अधिक प्रभावशाली और समन्वित कार्य करने के लिये पुनर्गठन किया जाना चाहिये । संस्थान के प्रधान विभाग इस प्रकार होने चाहिये :—

1. समाज विज्ञान तथा मानव विज्ञान विभाग
2. विज्ञान शिक्षा विभाग
3. शिक्षा मनोविज्ञान तथा शिक्षा प्रतिष्ठान विभाग
4. अध्यापन सहायक विभाग
5. पाठ्य-पुस्तकों का विभाग
6. पूर्व-प्राथमिक और प्राथमिक शिक्षा विभाग, तथा
7. शिक्षक शिक्षा विभाग

6. इसके अतिरिक्त आंकड़े आदेशिका तथा शैक्षणिक सर्वेक्षण का एक पृथक यूनिट होना चाहिये । संस्थान के केन्द्रीय पुस्तकालय के कार्य-कलापों के एक भाग के रूप में प्रलेख पोषण तथा सूचना सेवाओं का विकास होना चाहिये । जैसा कि ऊपर कहा गया है—दर्शनशास्त्र विभाग तथा समाजशास्त्र प्रतिष्ठानों का विलय शैक्षणिक मनोविज्ञान विभाग में कर देना चाहिये । प्रशासन तथा क्षेत्र सेवा विभागों को समाप्त कर देना चाहिये । विस्तार सेवाओं की ओर, फिर भी, विशेष ध्यान दिया जाना चाहिये तथा उसका प्रत्येक पृथक विभाग के कार्य-क्रम के अभिन्न अंग के रूप में विकास किया जाना चाहिये ।

7. समीक्षा समिति की सिफारिशों तथा समय-समय पर सरकार द्वारा दिये जाने वाले अनुदेशों को ध्यान में रखते हुये परिषद के निदेशक को यह निर्णय करना चाहिये कि किन विवरणों तथा अवस्थाओं में प्रत्येक विभाग को कार्य करना है तथा उनके कार्य-क्रमों का एक दूसरे से समन्वय होना है ।

8. सरकार मोटे तौर पर राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के भविष्य के कार्य-क्रमों के सम्बन्ध में समीक्षा समिति के सुझावों से सहमत है। इन पर विस्तृत रूप से निर्देशक द्वारा विचार किया जाना चाहिये।

9. क्षेत्रीय शिक्षा कालेज

सरकार यह आवश्यक नहीं समझती कि क्षेत्रीय कालेजों को राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान का कैम्पस बनाया जाय; अपितु उनके और राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के मध्य निकटतम सम्पर्क स्थापित होना चाहिये। प्रत्येक क्षेत्रीय कालेज का प्राथमिक उद्देश्य शिक्षक शिक्षा का विशिष्ट केन्द्र बनना, उसके क्षेत्र के प्रशिक्षण संस्थानों को विस्तार सेवा प्रदान करना और साधारणतया क्षेत्र में स्कूल शिक्षा के सुधार तथा विशेषतया शिक्षक शिक्षा के कार्यक्रमों में घनिष्टता से सम्मिलित होना, होना चाहिये।

10. तकनीकी में चार वर्षीय पाठ्य-क्रम में नये प्रवेश पहले ही बन्द कर दिये गये हैं। ऐसे ही प्रवेश अंग्रेजी तथा वाणिज्य में भी 1970-71 से बन्द कर देने चाहिये। विज्ञान में चार वर्षीय पाठ्य क्रम के सम्बन्ध में अलग से आदेश प्रेषित किये जायेंगे। इससे उपलब्ध सुविधायें और साधनों का उपयोग एक वर्षीय पाठ्य क्रम के विकास और विस्तार में किया जाना चाहिये, जिससे पूर्वप्राथमिक तथा प्राथमिक अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिय अन्वेषक तथा प्रयोगात्मक कार्यक्रमों को अपनाया जा सके तथा शिक्षा के क्षेत्र में, शिक्षकों को शिक्षण देने वाला तथा स्नातकोत्तर विकास और अनुसंधान कार्य-क्रमों की तैयारी की जा सके, जिन पाठ्य-क्रमों में नामांकन अल्प हैं उन्हें आवश्यकतानुसार एक या दो केन्द्रों में ही स्थिर करना चाहिये। निदेशक को चाहिये कि वह प्रत्येक क्षेत्रीय कालेज के मामले की इन आदेशों के आधार पर पृथक जांच करे तथा चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में उसके कार्यक्रमों में समुचित संशोधन करे।

11. राज्य शिक्षा विभागों के साथ सम्बन्ध

यह आवश्यक है कि परिषद् और राज्य के शिक्षा विभागों के मध्य और अधिक निकट संबंध हो। इसके लिये शिक्षा सचिवों तथा राज्य शिक्षा केन्द्र शासित राज्यों के जनशिक्षा निदेशकों के वार्षिक सम्मेलन में राज्य सरकारों द्वारा परिषद के कार्य-क्रमों पर विचार करने तथा उनकी उपयोगिता पर विचार करने के लिए पर्याप्त समय निर्धारित किया जाना चाहिए।

12. सरकार समीक्षा समिति से इस बात पर सहमत है कि एक ओर राष्ट्रीय शिक्षा सस्थान और क्षेत्रीय शिक्षा कालेज (राज्य स्तर के संगठन जो स्कूली शिक्षा में गुणात्मक सुधार करते हैं, सम्मिलित हैं) तथा दूसरी ओर विश्वविद्यालय विभाग जो स्कूली शिक्षा में रुचि रखते हों, इसके लिये यदि आवश्यकता पड़े तो अधिक संख्या में पदों की व्यवस्था की जा सकती है।

13. परिषद की हैसियत

परिषद् और मंत्रालय के मध्य आवश्यक निकटतम और अंतरंग सम्बधों की सम्भावना की जानी चाहिये। यह उपयुक्त नहीं है कि इसको राष्ट्रीय महत्वपूर्ण संस्थान अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 के खण्ड 3 के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के समक्ष परिवर्तित किया जाये।

14. प्रशासनिक व्यवस्था

सरकार समीक्षा समिति से इस बात पर सहमत है कि निदेशक और संयुक्त निदेशक के पद पूर्णकालिक होने चाहिये। इन पदों के वेतनमान और सेवा की शर्तें हाल ही में निश्चित की गई तथा परिषद् को भेज दी गई हैं। समीक्षा समिति द्वारा प्रस्तावित डीन के पद को सरकार आवश्यक नहीं समझती।

15. संविधान में संशोधन

सरकार समीक्षा समिति से इस बात पर सहमत है कि संस्था का ज्ञापन पत्र तथा परिषद् के नियमों में कुछ संशोधन आवश्यक हैं जिससे स्कूल शिक्षा के सुधार में वह उपयुक्त जिम्मेदारी निभा सके। स्कूली शिक्षा में इस सम्बध में समीक्षा समिति द्वारा दिये गये सुझाओं का निरीक्षण करके सरकार सहर्ष निदेश देती है कि परिषद् को संस्था के ज्ञापन पत्र में संशोधन करने के लिये शीघ्र कदम उठाने चाहिये। इस पर नियम निम्नलिखित हैं।

I. संस्था के ज्ञापन पत्र के अनुच्छेद 3 में इस प्रकार संशोधन किया जाय :

3(1) परिषद् का उद्देश्य शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय की नीतियों, स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में बृहद कार्य-क्रमों की रचना एवं कार्यान्वित करने में सहयोग देना है।

(2) इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये परिषद् निम्नलिखित में से कोई एक या सभी कार्यक्रमों और कार्यकलापों को अपना सकती है :—

(क) स्कूली शिक्षा में सम्बंधित अध्ययन, अन्वेषण और सर्वेक्षण को हाथ में लेना।

(ख) पूर्व सेवा और अन्तर सेवा प्रशिक्षण प्रमुखतः अग्रिम स्तर पर आयोजित करना।

(ग) जो संस्थान शिक्षा अनुसंधान, अध्यापकों के प्रशिक्षण या स्कूलों में विस्तार सेवा की व्यवस्था में संलग्न हैं उनके लिये विस्तार सेवा का आयोजन करना।

(घ) समुन्नत शिक्षा तकनीक और स्कूलों में अभ्यास को चारों ओर फैलाना।

(ङ) अपने उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिये राज्य शिक्षा विभाग, विश्वविद्यालय और अन्य शिक्षा संस्थानों को सहयोग और सहायता देना।

(च) स्कूली शिक्षा से सम्बंधित विचार तथा सूचनाओं की समाशोधन गृह के रूप में कार्य करना।

(छ) उद्देश्यों के लिये देश के किसी भी भाग में इस प्रकार के संस्थान, यदि उनकी आवश्यकता अनुभव की जाय, तो स्थापित एवं संचालित करना।

(ज) स्कूली शिक्षा से सम्बंधित विषय पर राज्य सरकारों और अन्य शिक्षण संगठनों तथा संस्थानों को सलाह देना।

(झ) उद्देश्यों को आगे बढ़ने के लिये आवश्यक पुस्तकें। पत्रिकाओं और अन्य साहित्य को प्रकाशित करने की व्यवस्था करना।

(ञ) उपहारों, क्रय, लीज तथा अन्य प्रकार से किसी सम्पत्ति, चल अथवा अचल जो परिषद् के अभिप्राय: के लिये आवश्यक और सुविधाजनक हो, ग्रहण करना तथा परिषद् के तात्पर्य हेतु भवन या भवनों का निर्माण, परिवर्तन तथा अनुरक्षण करना।

(ट) प्रेमिसरी नोट, विनियम बिल, चेक तथा दूसरे परक्राम्य लिखितों के निकालने, बनाने, स्वीकार, पृष्ठांकन, बट्टे के सम्बंध में भारत सरकार से बातचीत करना।

(ठ) परिषद् की निधियों का विनिधान ऐसे ऋणपत्रों में और ढंगों से करना, जो समय-समय पर कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित किये जायं और समय-समय पर ऐसे विनिधानों का विक्रय तथा हस्तांतरण किया जा सके।

(ड) परिषद् की समस्त अथवा किसी सम्पत्ति का विक्रय, हस्तांतरण, लीज या किसी अन्य ढंग से निपटान करना।

(ढ) ऐसे सभी कार्य करना जिसे परिषद् उसके प्राथमिक उद्देश्यों, शैक्षणिक अनुसंधान की प्रगति, शैक्षणिक व्यक्तियों की अग्रिम व्यवसायिक प्रशिक्षण तथा शिक्षण संस्थानों में विस्तार सेवा के आयोजन के लिये प्रासंगिक अथवा सहायक रूप से आवश्यक समझे।

II. **परिषद्** :—

परिषद् में निम्नलिखित सदस्य होंगें:—

(i) शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री — पदेन अध्यक्ष

(ii) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष — पदेन

(iii) शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय पदेन के सचिव

(iv) चार विश्वविद्यालयों के उपकुलपति प्रत्येक जौन से एक भारत सरकार द्वारा मनोनीत।

(v) प्रत्येक राज्य सरकार और केन्द्र शासित राज्य से एक विधायक प्रतिनिधि जो कि राज्य सरकार केन्द्र शासित राज्य का शिक्षा मंत्री (या उसका प्रतिनिधि) दिल्ली के सम्बंध में मुख्य कार्यकारी पार्षद (या उसका प्रतिनिधि) सदस्य होगा।

(vi) कार्यकारी समिति के सभी सदस्य जो उपरोक्त में सम्मिलित न हों।

(vii) कार्यकारी में उपरोक्त सदस्य सम्मिलित नहीं हैं और ऐसे अन्य व्यक्ति-12 से अधिक नहीं जिनको समय-समय पर भारत सरकार मनोनीत करें, इनमें चार से कम स्कूल अध्यापक न हों।

III. **कार्यकारी समिति**

परिषद् के कार्य परिषद् के नियम एवं विनियम तथा आदेशों के अनुसार एक कार्यकारी परिषद् द्वारा प्रशासित होंगे तथा कार्यकारी समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे।

(i) परिषद् का अध्यक्ष, कार्यकारी समिति का पदेन् अध्यक्ष

(ii) परिषद् का निदेशक, कार्यकारी समिति का पदेन् उपाध्यक्ष

(iii) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का अध्यक्ष पदेन् सदस्य

(iv) चार शिक्षा शास्त्री जो स्कूली शिक्षा में विशेष रुचि रखते हों (इनमें से दो स्कूल अध्यापक होंगे) ये परिषद् के सदस्यों में से अध्यक्ष द्वारा मनोनीत किये जायेंगें।

(v) परिषद् का संयुक्त निदेशक

(vi) दो सदस्य जिन्हें परिषद् के अध्यक्ष संकाय के प्राध्यापकों और विभागाध्यक्षों के स्तर से मनोनीत करेंगें।

(vii) शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय का एक प्रतिनिधि, तथा

(viii) वित्त मंत्रालय से एक प्रतिनिधि जो परिषद् का वित्तीय सलाहकार होगा।

IV. **कार्यक्रम सलाहकार समिति**

परिषद् का शैक्षणिक अध्ययन मण्डल समाप्त कर दिया जाना चाहिये तथा उसे कार्यक्रम सलाहकार समिति द्वारा प्रतिस्थापित किया जाये।

1. कार्यक्रम सलाहकार समिति परिषद् के कार्य जिसका रेखांकन ऊपर पैरा 3 में किया गया है को ध्यान में रखते हुए कार्यकारी समिति से अनुसंधान, प्रशिक्षण, विस्तार तथा अन्य कार्यक्रमों के सम्बंध में तथा क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों के कार्य संचालन माध्यमों जिससे देश में स्कूल शिक्षा के सुधार और उत्थान के उद्देश्य की भली प्रकार सेवा हो सके एवं मार्ग दर्शन किया जा सके, सिफारिश करेगी।

यह कार्य-क्रम सलाहकार समिति की जिम्मेदारी होगी कि सभी योजनाओं, कार्यक्रमों, अनुसंधान प्रस्तावों आदि पर विचार करने तथा राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान और क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों के कार्य की शैक्षणिक पहलुओं से जांच करना तथा यह अश्वस्त करना कि उनके कार्य-क्रमों के विकास की पहुंच समन्वित है।

2. कार्यक्रम सलाहकार समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगें।

(i) परिषद् के निदेशक — अध्यक्ष

(ii) परिषद् के संयुक्त निदेशक — उपाध्यक्ष

(iii) परिषद् के अध्यक्ष द्वारा 5 विश्वविद्यालय प्राध्यापकों अथवा विभागाध्यक्षों को मनोनीत किया जायेगा, जो शिक्षा तथा अन्य सम्बंधित अनुशासन का प्रतिनिधित्व करेंगे।

(iv) परिषद् के अध्यक्ष द्वारा सभी राज्यों तथा केन्द्र शासित राज्यों से राज्य शिक्षा संस्थान के 5 निदेशकों को बारी-बारी से मनोनीत करेंगें।

(v) परिषद् के निदेशक द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के सभी विभागाध्यक्षों तथा क्षेत्रीय शिक्षा कालेज के सभी प्राध्यापकों, राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान से एक प्राध्यापक/रीडर मनोनीत किये जायेंगें।

3. कार्यक्रम सलाहकार समिति ऐसी समितियां जिन्हें वह विशेष समस्याओं को हल करने अथवा कार्यक्रमों को सौंपने अथवा अपने कार्य के विशेष पहलू के लिये, जिन्हें वह आवश्यक समझती है, नियुक्त कर सकती है।

V नियुक्तियां

परिषद् के निदेशक, संयुक्त निदेशक तथा सचिव की नियुक्ति उनका पारिश्रमिक तथा अन्य सेवा की शर्तें भारत सरकार द्वारा निर्धारित की जायेंगी ।

VI. मंत्रालय के साथ सम्बंध

सरकार समीक्षा समिति से इस बात पर सहमत है कि परिषद् तथा शिक्षा और युवक सेवा मंत्रालय के मध्य सम्बधों को पुनः परिभाषित करने तथा उनके मध्य नये निकटतम सहयोग के सम्बंध बनाने की आवश्यकता है। जैसा कि पहले कहा जा चुका है कि इन नये सम्बंधों में सरकार की नीतियों तथा परिषद् कार्यक्रमों में निकट सम्पर्क, मंत्रालय के व परिषद् के अधिकारियों के मध्य अधिक निकट और सतत सहयोग की अपेक्षा है, इसके अतिरिक्त सरकार की महत्व-पूर्ण नीति सम्बन्धी मामलों तथा कार्य क्रमों के सम्बंध में निदेशों के निर्गम के लिये परिषद् के संविधान में व्यवस्था होनी चाहिये।

VII परिणामतः संशोधन

परिषद् के अन्य नियमों में भी ऐसे परिणामतः संशोधन करने के लिए, जो आवश्यक समझे जायं, कदम उठाये जाने चाहिये।

16. समीक्षा समिति की ऐसी सिफारिशें जिन का यहां उल्लेख नहीं किया गया, कार्यकारी समिति द्वारा उनकी जांच तथा उन पर निश्चिय किया जायेगा।

17. सरकार समीक्षा, समिति के अध्यक्ष और सदस्यों के कार्य तथा बहुमूल्य रिपोर्ट पर गहरी प्रशंसा अंकित करना चाहती है।

एम० चक्रवर्ती, सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 14 अगस्त 1969

विषय :—राष्ट्रीय ग्राम उच्च शिक्षा परिषद्

सं० एफ० 1-4/69-यू०-1—उपर्युक्त विषय पर इस मंत्रालय की अधिसूचना सं० एफ० 1-2/66-यू०-3, दिनांक 6 जुलाई, 1966 के आगे, यह अधिसूचित किया जाता है कि 1 जुलाई, 1969 से 3 वर्ष की अवधि के लिये, राष्ट्रीय ग्राम उच्च शिक्षा परिषद का पुनर्गठन निम्नलिखित रूप से किया गया है :—

(क) **पदेन**

1. प्रो० वी० के० आर० वी० राव (**अध्यक्ष**)
शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री
भारत सरकार,
नई दिल्ली।

2. श्री० एस० चक्रवर्ती, (**उपाध्यक्ष**)
सचिव,
शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय,
नई दिल्ली।

3. श्री आर० एस० चिटकारा, (**सदस्य-सचिव**)
उप शिक्षा सलाहकार,
शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय
नई दिल्ली।

(ख) **अन्य अधिकारी**

4. श्री एल० एस० चन्द्रकान्त,
संयुक्त शिक्षा सलाहकार
शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय,
नई दिल्ली।

5. श्री एम० एन० चौधुरी,
संयुक्त आयुक्त,
खाद्य, कृषि तथा सामुदायिक विकास मंत्रालय,
(सामुदायिक विकास विभाग)
नई दिल्ली।

6. श्री एस० के० मुखर्जी,
उप कृषि आयुक्त (**शिक्षा**),
खाद्य, कृषि तथा सामुदायिक विकास मंत्रालय,
(**कृषि विभाग**)
नई दिल्ली।

7. डा० बी० एस० महाल
निदेशक,
केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय,
स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, निर्माण अवास तथा नगर विकास मंत्रालय,
(**स्वास्थ्य विभाग**),
नई दिल्ली।

8. श्री के० अरुणाचलम,
उपाध्यक्ष,
खादी और ग्राम उद्योग आयोग,
औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार और कम्पनी कार्य मंत्रालय,
(आंतरिक व्यापार विभाग),
नई दिल्ली।

(ग) **ग्राम संस्थानों के निदेशक/प्रतिनिधि**

9. श्री जे० एन० मिश्र,
निदेशक,
ग्राम संस्थान, बिरौली,
जि० दरभंगा (बिहार)।

10. डा० एस० एन० सिंह
अवैतनिक निदेशक,
बलवंत विद्यापीठ ग्राम संस्थान,
बिचपुरी, आगरा (उत्तर प्रदेश)।

11. प्रो० एम० मुजीब,
कुलपति,
जामिया मिलिया इस्लामिया
नई दिल्ली।

12. श्री सुशील कुमार,
सचिव, शासी निकाय,
कस्तूरबा ग्राम संस्थान,
राजपुरा (पंजाब)।

13. श्री के० एल० श्रीवास्तव,
निदेशक,
विद्या-भवन ग्राम संस्थान,
उदयपुर (राजस्थान)।

14. डा० (कुमारी) एस० गोविन्दी,
प्रिन्सिपल,
कस्तूरबा ग्राम संस्थान,
ग्राम इन्दौर (मध्य प्रदेश)।

15. श्री डी० जे० हातेकर,
प्रिन्सिपल,
ग्राम संस्थान,
वर्धा (महाराष्ट्र)।

16. श्री वी० सुब्बाराव
निदेशक,
ग्राम संस्थान,
अमरावती (महाराष्ट्र)।

17. श्री वी० टी० पाटिल,
सभापति,
श्री मौनी विद्यापीठ,
गरगोटी, जिला कोल्हापुर (महाराष्ट्र)।

18. श्री मनुभाई पंचोली,
अवैतनिक संयुक्त निदेशक,
लोक भारती ग्राम संस्थान,
सनोसारा, जिला भावनगर (गुजरात)।

19. श्री वी० रामचन्द्र,
निदेशक कार्यभारी,
ग्राम संस्थान,
हनुमानमट्टी,
जिला धारवार (मैसूर)।

20. श्री टी० एस० अविनाशलिंगम्,
अवैतनिक निदेशक,
श्री रामकृष्ण मिशन,
विद्यालय ग्राम संस्थान,
जि० कोयम्बटूर (तमिलनाडु)।

21. श्री जी० रामचन्द्रन,
(संसद् सदस्य),
अवैतनिक निदेशक,
गान्धीग्राम ग्राम संस्थान,
गान्धीग्राम, जिला मदुराई (तमिलनाडु)।

22. श्री ए० शंकर पिल्लै,
निदेशक,
ग्राम संस्थान, तावानूर,
पोस्ट तावानूर,
जिला पालघाट (केरल)।

(घ) **शिक्षाविद**

23. श्री के० एल० श्रीमाली,
कुलपति,
मैसूर विश्वविद्यालय,
(मैसूर)।

24. श्री एन० डी० सुन्दरवडिवेलु,
मुख्य शिक्षा सलाहकार तथा निदेशक,
कालेज शिक्षा,
तमिलनाडु सरकार, (मद्रास)।

25. डा० (कुमारी) दुर्गा देवुलकर,
निदेशक,
लेडी इरविन कालेज,
नई दिल्ली।

26. डा० एस० आर० बरुआ,
कुलपति,
असम कृषि विश्वविद्यालय
जोरहाट (असम)।

(ङ) **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रतिनिधि**

27. प्रो० एम० एन० श्रीनिवास,
अध्यक्ष, समाज विज्ञान विभाग,
दिल्ली विश्वविद्यालय,
दिल्ली।

(च) **भारतीय अन्तर-विश्वविद्यालय बोर्ड के प्रतिनिधि**

28. श्री० ए० एस० अडके,
कुलपति,
कर्नाटक विश्वविद्यालय,
धारवार (मैसूर)।

(छ) **कृषि विश्वविद्यालयों के दो प्रतिनिधि**

29. डा० एम० एस० रंधावा,
कुलपति,
पंजाब कृषि विश्वविद्यालय,
लुधियाना (पंजाब)।

30. डा० के० सी० नायक,
कुलपति,
कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय,
बंगलौर (मैसूर)।

आर० एस० चिटकारा, उप शिक्षा सलाहकार

सिंचाई व बिजली मंत्रालय

संकल्प

नई दिल्ली, दिनांक 11 अगस्त 1969

सं० बि० दो-12(21)/61—जल्दी-तीन—दिल्ली ताप परियोजना नियंत्रण बोर्ड के गठन से सम्बन्धित, समय-समय पर संशोधित इस मंत्रालय के संकल्प सं० बि० दो-12(21)/61, दिनांक 26

सितम्बर, 1962 में पैरा 2 के लिये निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए:—

2. इस बोर्ड में निम्नलिखित व्यक्ति शामिल होंगे:—

1. केन्द्रीय सिंचाई व बिजली उपमंत्री	अध्यक्ष
2. कार्यकारी पार्षद (बिजली विभाग के कार्य-प्रभारी) महानगर परिषद, दिल्ली प्रशासन ।	सदस्य
3. संयुक्त सचिव, वित्त मंत्रालय, (व्यय विभाग) अथवा उसका प्रतिनिधि ।	सदस्य
4. अध्यक्ष, केंद्रीय जल तथा विद्युत आयोग ।	सदस्य
5. उपाध्यक्ष, केंद्रीय जल तथा विद्युत आयोग	सदस्य
6. निदेशक (वि० मु० वि०) सिंचाई व बिजली मंत्रालय	सदस्य
7. अध्यक्ष, दिल्ली विद्युत प्रदाय समिति ।	सदस्य
8. महाप्रबन्धक, दिल्ली विद्युत प्रदायक संस्थान	सदस्य
9. अध्यक्ष, हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड ।	सदस्य
10. सचिव, सार्वजनिक निर्माण विभाग, हरियाणा सरकार ।	सदस्य
11. सदस्य (अभिकल्प और अनुसंधान), केंद्रीय जल तथा विद्युत आयोग ।	सदस्य
12. महानिदेशक (सड़क विभाग) और पदेन अवर सचिव, संसद, नौचालन और परिवहन मंत्रालय (नौचालन और परिवहन विभाग)	सदस्य
13. सचिव (स्थानीय स्वायत्त शासन और सार्वजनिक निर्माण विभाग) दिल्ली प्रशासन	सदस्य

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को पंजाब और हरियाणा की सरकारों, दिल्ली प्रशासन, दिल्ली नगर निगम, हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों, प्रधान मंत्री सचिवालय, राष्ट्रपति के सचिव, योजना आयोग, और भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के पास भेज दिया जाए ।

यह आदेश भी दिया जाता है कि इसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाए ।

के० जी० आर० अय्यर, संयुक्त सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 16 अगस्त 1969

